**आज दिनांक 09.08.2024 को जिला स्वा0 समिति अररिया में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गुणवता यकीन कार्यक्रम की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक भी0सी0 द्वारा किया गया। बैठक में की गई कार्यवाई निम्न है।**

**एजेन्डा सं0–01.**

सभी प्रखंडों संस्थानों से एस0एन0सी0यू0 रेफर होने वाले बच्चों की संख्या जुलाई माह में कम हुई है जिसमें कुर्साकाटा प्रखंड से एक भी बच्चा रेफर होकर एस0एन0सी0यू0 में नहीं आया है जो कि कुर्साकाटा में होने वाली संस्थागत प्रसव के संदर्भ में सही प्रतीत नहीं होता है। कुर्साकाटा व अन्य प्रखंड के स्वा0 संस्थान का बच्चा एस0एन0सी0यू0 रेफर
नही हुआ है या एक अथवा दो बच्चे रेफर हुए है तथा पलासी चार,जोकिहाट दो एवं भरगमा दो वे उन्हें संस्थागत प्रसव एवं रेफरल सुविधा की समीक्षा करने की आवश्यकता है एवं शिशु देखभाल इलाज की गुणवता को बढ़ानें की आवश्यकता है।

अनुपालन–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड
स्वास्थ्य प्रबंधक कुर्साकाटा,पलासी,जोकिहाट,भरगामा।

**एजेन्डा सं0–02.**

मासिक जॉच कराने वाली महिलाओं का हेपेटाइटीस बी एवं सी जॉच किया जाना है परंतु समीक्षा में पाया गया कि भरगामा,कुर्साकाटा,रानीगंज,सिकटी में जॉच की सुविधा उपलब्ध नही है उक्त प्रखंडों को निर्देशित किया गया कि आरडीके किट द्वारा शतप्रतिशत जॉच किया जाय एवं पॉजीटीव मरीज को ससमय इलाज उपलब्ध कराया जाय।

अनुपालन–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड
स्वास्थ्य प्रबंधक रानीगंज,सिकटी,भरगामा,कुर्साकाटा।

**एजेन्डा सं0–03.**

सभी संस्थानों में एक्सीडेन्ट एवं आपातकालीन सेवा की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुर्साकाटा एवं सिकटी के HMIS पोर्टल पर एक भी मरीज का इंन्ट्री नही हुआ है एवं रेफरल अस्पताल जोकीहाट एवं रानीगंज द्वारा रात्री में एक भी ऐक्सीडेन्ट एवं आपाताकालीन मरीज को सेवा नही प्रदान की गई है उक्त सभी संस्थान को निर्देशित किया गया कि सभी संस्थान 24X7 ऐक्सीडेन्ट एवं आपातकालीन सेवा प्रदान करेगें एवं ससमय सही रिर्पोटिंग करेंगे।

अनुपालन–सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अररिया।

**एजेन्डा सं0–04.**

कायाकल्प कार्यक्रम के समीक्षोपरांत पाया गया कि Internal Assessment में किसी भी संस्थान का 70% प्रतिशत स्कोर नही है जो कि अस्पताल के साफ सफाई की खराब होने का धोतक है सभी संस्थान को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड स्वा0 प्रबंधक PHC,APHC एवं HWC का Internal Score के आधार पर कार्ययोजना तैयार करेंगे एवं कार्ययोजना आन्तरिक मुल्याकंन चेकलिस्ट के साथ सात दिन में उपलब्ध करायेगें।

अनुपालन–सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अररिया।

400

**एजेन्डा सं0–05.**

**NQAS** प्रमाणीकरण की समीक्षोपरांत पाया गया कि सभी संस्थान का NQAS आन्तरिक मुल्याकंन अब तक पुर्ण नहीं किया गया है निर्देशित किया गया कि सात दिन के अंदर प्रखंड अन्तर्गत क्रियाशील सभी संस्थान का NQAS आन्तरिक मुल्याकंन कर कार्ययोजना मासिक Key Point Indicator के साथ उपलब्ध करायेगें।

अनुपालन–सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अररिया।

साप्ताहिक समीक्षा का कार्यपालन प्रतिवेदन अगले साप्ताहिक बैठक जो कि 16.08.2024 को प्रस्तावित है से पुर्व जिला स्वा0 समिति अररिया को प्रेषित के निर्देश के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक को समाप्त किया गया।

विश्वासभाजन

Santosh Kr 13/08/24

13/08/24

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया

ज्ञापांक 972 / अररिया दिनांक 13/08/2024

प्रतिलिपि : जिला प्रतिनिधि युनिसेफ,पीरामल,पी0एस0आई0,फिया फाउंडेशन अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोगार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड स्वा0 प्रबंधक,अस्पताल प्रबंधक को सुचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,अररिया को सुचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, QA राज्य स्वास्थ समिति बिहार पटना को सादर सुचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी,अररिया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ समिति बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Santosh Kr 13/08/24

13/08/24

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया